Need to grant Child Care Leave to male and female employees in uniform manner ?laid

श्री मितेश पटेल **(**बकाभाई**) (**आणंद**) :** हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि बच्चों की देखभाल मुख्य रूप से माताओं की जिम्मेदारी है । लेकिन यह सोच बदलने का समय आ गया है । छोटे परिवार और कम बच्चे पैदा करने के दौर वाले समय में यह अति आवश्यक हो गया है । पारिवारिक जिम्मेदारियां माता-पिता दोनों की साझा जिम्मेदारी होनी चाहिए । इसलिए, यह आवश्यक है कि बाल देखभाल अवकाश न केवल महिला कर्मचारियों को, बल्कि पुरुष कर्मचारियों को भी दिया जाए । इस कदम से न केवल पिता अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिता सकेंगे, बल्कि यह महिलाओं पर पड़ने वाले बोझ को भी कम करेगा । यह समानता और साझा जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा । हमें याद रखना चाहिए कि एक बच्चे के विकास में माता और पिता दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है । इसलिए, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाल देखभाल अवकाश की सुविधा सभी सरकारी कर्मचारियों को, चाहे वे पुरुष हों या महिला, समान रूप से उपलब्ध हो ।